Roll No. .... Total No. of Pages : 4+1

Total No. of Questions : 13

उत्तरमध्यमा प्रथमखण्ड

विषय कोड : 728

सामान्य हिंदी

षष्टम्-प्रश्नपत्रम्

समय : 1½ घण्टा **पूर्णांक : 50**

निर्देश :—(*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) **सभी** प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(*iii*) प्रश्नपत्र को हल करने में सुस्पष्ट लेखन एवं मात्राओं का विशेष ध्यान रखिये।

(*iv*) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

खण्ड 'अ'

1. सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4×1=4

(*i*) पक्षी का पर्यायवाची शब्द..............................है। (अंडज/जलज)

(*ii*) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम..........................था। (नरेश नाथ/नरेन्द्र नाथ)

(*iii*) वात्सल्य रस के सम्राट.......................को माना जाता है। (सूरदास/तुलसीदास)

(*iv*) समास के......................भेद होते हैं। (पाँच/छ:)

2. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 4×1=4

(*i*) "प्रकृति के सुकुमार कवि" कहे जाते हैं –

(अ) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (ब) सूरदास

(स) सुमित्रानंदन पंत (द) कबीर

(*ii*) शब्द के प्रारंभ में जुड़ने वाले शब्दांश होते हैं –

(अ) उपसर्ग (ब) प्रत्यय

(स) संधि (द) समास

(*iii*) महाराणा प्रताप के घोड़े का नाम था –

(अ) ऐरावत (ब) रफ्तार

(स) चेतक (द) शेरा

(*iv*) 'आकाश' का पर्यायवाची है –

(अ) क्षीर (ब) अम्बर

(स) उपल (द) कंचन

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 4×1=4

(*i*) अपनी पाठ्य-पुस्तक के किसी **एक** एकांकी का नाम लिखिए।

(*ii*) "दो बैलों की कथा" में बैलों के क्या नाम थे?

(*iii*) ज्ञान का मूल उद्‌गम स्थान क्या है?

(*iv*) "प्रतिदिन" शब्द में कौनसा समास है?

(*v*) रमलू भगत किसका प्रतीक है?

(*vi*) कवि तुलसीदास की **एक** प्रसिद्ध रचना लिखिए।

4. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए : 4×1=4

(*i*) "अपेक्षा" शब्द का विलोम शब्द उपेक्षा है।

(*ii*) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व रस होते हैं।

(*iii*) मुहावरा वाक्य है।

(*iv*) "मिठाईवाला" रचना कहानी है।

5. मुरली वाले का व्यक्तित्व कैसा था ? 2

अथवा

महाराणा प्रताप कहाँ के शासक थे ?

6. अपने स्वरूप को भूलने पर हमारी कैसी दशा होगी ? 3

अथवा

गांधीजी के अनुसार धर्म का क्या अर्थ है ?

7. ''कर्म ही पूजा है'' **अथवा** ''घर का भेदी लंका ढाये'' पंक्ति का भाव-पल्लवन कीजिए। 2

8. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए : 3½

''तिनके के हरे-हरे तन पर,

हिल हरित् रुधिर है रहा झलक।

श्यामल भूतल पर झुका हुआ,

नभ का चिर निर्मल नील फलक।।

अथवा

''बढ़त-बढ़त संपति-सलिल, मन-सरोजु बढ़ि जाइ।

घटत-घटत सुन फिर घटै, बरु समूल कुम्हिलाइ''।।

9. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए : 3½

''मेरा वह सोने का संसार था। बाहर संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था। स्त्री सुंदर थी, मेरी प्राण थी, बच्चे ऐसे सुन्दर थे, जैसे सोने के सजीव खिलौने। उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था। समय की गति, विधाता की लीला अब कोई नहीं है।''

अथवा

''बीमारी का अंत होता है, बीमारी में सुधार नहीं हुआ करता। जितने दिन तक बीमारी चलती है, वह बीमारी की अवधि कहलाती है। उस अवधि में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं, अगर सुधार हो तब तो बीमारी अच्छी ही हो गई।''

10. अधोलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+1=4

"मनुष्य के कर्त्तव्य मार्ग में एक ओर तो आत्मा के भले और बुरे कर्मों का ज्ञान, दूसरी ओर आलस्य और स्वार्थपरता रहती है। बस मनुष्य इन्हीं दोनों के बीच पड़ा रहता है और अंत में यदि उसका मन पक्का हुआ तो वह आत्मा की आज्ञा मानकर अपने कर्म का पालन करता है और यदि उसका मन कुछ काल तक दुविधा में पड़ा रहा तो स्वार्थता निश्चित उसे आ घेरेगी और उसका चरित्र घृणा योग्य हो जायेगा।"

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(*ii*) प्रस्तुत गद्यांश का सारांश लिखिए।

(*iii*) मनुष्य को स्वार्थता कब घेरती है ?

11. अधोलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

"संकटों से वीर घबराते नहीं,
आपदाएँ देख छिप जाते नहीं।
लग गए जिस काम में, पूरा किया
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।
हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता
कर्मवीरों को न इससे वास्ता।"

प्रश्न :

(*i*) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(*ii*) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

12. अपने विद्यालय के प्राचार्य को अपनी आर्थिक स्थिति बताते हुए विद्यालय की शुल्क-मुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने पिताजी को पत्र लिखकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कीजिए। अपनी कुशलता भी बताइये।

13. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : 5

(*i*) कम्प्यूटर की आवश्यकता

(*ii*) पर्यावरण संरक्षण

(*iii*) समय का सदुपयोग

(*iv*) राष्ट्रीय एकता

(*v*) जीवन में खेलों का महत्व

(*vi*) प्रथम सुख निरोगी काया।

(ब) उपर्युक्त निबंध विषयों में से किसी **एक** विषय पर बिंदुवार रूपरेखा लिखिए जो लिखे गये निबंध विषय के अतिरिक्त हो। 2